भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1784
दिनांक 05 दिसंबर, 2024

पेट्रोलियम उत्पादों पर लगाए गए करों से प्राप्त राजस्व

†1784. श्रीमती लवली आनंद:
श्री दिनेश चंद्र यादव:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वित्तीय वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त करों से सरकार को क्रमश: कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ;

(ख) क्या उक्त अतिरिक्त अजत राजस्व में से बिहार सहित अन्य राज्यों को कोई हिस्सा देने का कोई प्रावधान है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त अतिरिक्त राजस्व में से बिहार सहित अन्य राज्यों के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त राजस्व का हिस्सा कितने प्रतिशत है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ): 2019-20 से राजकोष में पेट्रोलियम क्षेत्र के योगदान का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(करोड़ रुपए में)

विवरण	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 (अप्रैल-सितंबर 2024) (पी)
केन्द्रीय राजकोष में योगदान						
क. कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों पर कर/शुल्क						
कच्चे तेल पर उपकर	14,789	10,676	19,214	21,445	19,580	7,769
कच्चे तेल/प्राकृतिक गैस पर रॉयल्टी	5,602	3,590	5,639	9,822	9,286	4,675
सीमा शुल्क	22,927	13,514	11,423	14,985	13,134	6,696
कच्चे तेल पर एनसीसीडी	1,130	1,016	1,121	1,192	1,191	578
उत्पाद शुल्क	2,23,057	3,72,970	3,63,305	2,87,575	2,73,684	1,22,507
सेवा कर	17	1	-	-	-	-
आईजीएसटी	13,099	11,594	19,726	22,236	20,930	10,364
सीजीएसटी	6,831	6,158	10,843	13,012	12,230	5,523

	अन्य	88	365	338	59	51	23
	उप योग (क)	2,87,540	4,19,884	4,31,609	3,70,326	3,50,086	1,58,135
	ख. सरकार को लाभांश/आयकर आदि।						
	कॉर्पोरेट आयकर	23,134	21,909	29,219	33,292	57,493	19,053
	केन्द्र सरकार को लाभांश आय	12,270	10,393	22,612	15,673	19,310	4,294
	लाभांश वितरण कर	5,462	-	-	-	-	-
	तेल/गैस की खोज पर लाभ पेट्रोलियम	5,909	2,883	8,862	8,776	5,505	1,837
	उप योग (ख़)	46,775	35,185	60,694	57,741	82,308	25,184
1. केन्द्रीय राजकोष में कुल योगदान (क+ख़)		3,34,315	4,55,069	4,92,303	4,28,067	4,32,394	1,83,319
2. राज्य राजकोष में कुल योगदान		2,21,055	2,17,650	2,82,122	च	3,18,762	1,55,866
राजकोष में पेट्रोलियम क्षेत्र का कुल योगदान (1+2)		**5,55,370**	**6,72,719**	**7,74,425**	**7,48,718**	**7,51,156**	**3,39,185**

उपरोक्त जानकारी 15 प्रमुख तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर आधारित है। कंपनियों द्वारा पीपीएसी को दी गई रिपोर्ट कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के लिए सभी करों/ उपकर /शुल्कों/जीएसटी आदि की समेकित राशि है।

(पी) – अनंतिम

विभाज्य पूल से बिहार सहित राज्यों को करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की स्वीकृत सिफारिशों पर आधारित है। इसके अतिरिक्त, पिछले 5 वर्षों में बिहार द्वारा निम्नलिखित कर भी संग्रहित किए गए हैं:-

(करोड़ रुपए में)

विवरण	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24 (पी)	2024-25 (अप्रैल-सितंबर) (पी)
पीओएल उत्पादों पर बिक्री कर/वैट	6,238.1	5,854.1	6,866.9	9,848.4	9,359.9	4,183.5
पीओएल उत्पादों पर एसजीएसटी/आईजीएसटी का संग्रहण	144.5	121.8	146.9	210.5	202.9	75.0

(पी) – अनंतिम
स्रोत: पीपीएसी

XXXXX